[न रिश्वत लेंगे, न रिश्वत देंगे] मुंबई, शनिवार, 20 जून 2026 । मूल्य 0.00, कुल पृष्ठ 4 [वर्ष: 12, डिजिटल अंक: 239, प्रधान संपादक : पवन जैन पदमावत] +91-9594542679 www.padmavatmedia.in padmavatmedia@gmail.com

दैनिक हिन्दी राष्ट्रीय डिजिटल समाचार पत्र

# पदमावत मीडिया

Reg. No. MH180326353

डिजिटल संस्करण महाराष्ट्र व राजस्थान से प्रकाशित

**अनमोल वचन**

दंड द्वारा प्रजा की रक्षा करनी च

उपभोक्ता सुरक्षा संगठन का .... 02

03 प्रधानमंत्री विकसित ...

## खबर संक्षेप

### बीएसएफ कैंपस बड़गांव में हुआ योग प्रोटोकॉल का पूर्वाभ्यास

**बड़गांव @ पदमावत मीडिया।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 2026 के उपलक्ष्य में बीएसएफ कैंपस बड़गांव में योग प्रोटोकॉल के



पूर्वाभ्यास का आयोजन उत्साहपूर्वक किया गया। कार्यक्रम बड़गांव ब्लॉक के नोडल प्रभारी डॉ. विष्णु बंशीवाल के निर्देशन में आयोजित हुआ। डॉ. बंशीवाल ने बताया कि कार्यक्रम 129वीं वाहिनी शौर्य चक्र बटालियन के सहयोग से आयोजित किया गया। इसमें उपखंड अधिकारी मनसुख डामोर मुख्य अतिथि तथा जिला योग नोडल अधिकारी डॉ. शोभालाल औदीच्य विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में डॉ. आर.बी. शर्मा, डॉ. ललित सिंह देवड़ा, डॉ. अजयपाल सोलंकी सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे। योगाभ्यास का संचालन डॉ. विष्णु बंशीवाल की टीम ने किया, जिसमें मोनल सेन, वर्षा राव, इरफान खान, शुभम पुरबिया, कर्मप्रिय सालवी एवं आयुर्वेद नर्स प्रेमलता अहीर ने सेवाएं प्रदान कीं। बीएसएफ एवं सेना के लगभग 70 जवानों सहित बड़ी संख्या में नागरिकों ने योगाभ्यास में भाग लिया। प्रतिभागियों को कॉमन योग प्रोटोकॉल के विभिन्न आसन, प्राणायाम एवं ध्यान का अभ्यास कराया गया तथा नियमित योग अपनाने के लिए प्रेरित किया गया। उपखंड अधिकारी मनसुख डामोर ने कहा कि योग भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर है और स्वस्थ जीवन के लिए इसे दैनिक दिनचर्या का हिस्सा बनाना आवश्यक है। कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों ने 21 जून को आयोजित होने वाले अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के मुख्य कार्यक्रम में अधिकाधिक सहभागिता का संकल्प लिया।

### ग्रामीण सेवा शिविर बनी सोनल रोत के लिए नई उम्मीद की किरण

**डूंगरपुर @ पदमावत मीडिया।** ग्रामीण सेवा शिविर आमजन की समस्याओं के त्वरित समाधान और जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने



का प्रभावी माध्यम बन रहे हैं। पंचायत समिति झौथरी की ग्राम पंचायत बलवनिया में आयोजित ग्रामीण सेवा शिविर सोनल रोत के लिए नई उम्मीद की किरण साबित हुआ। शिविर में सोनल रोत ने सुनने में होने वाली कठिनाई से संबंधित समस्या अधिकारियों के समक्ष रखी। आवेदन प्राप्त होने पर शिविर प्रभारी के निर्देशानुसार संबंधित विभागीय अधिकारियों ने मामले का त्वरित निस्तारण किया। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग, कैंप प्रभारी, तहसीलदार एवं अन्य अधिकारियों की उपस्थिति में सोनल रोत को श्रवण यंत्र उपलब्ध कराया गया। श्रवण यंत्र मिलने से अब उनके दैनिक जीवन की गतिविधियां अधिक सहज और सुविधाजनक हो सकेंगी। सोनल रोत ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि ग्रामीण सेवा शिविर में उनकी समस्या का तत्काल समाधान हुआ और श्रवण यंत्र मिलने से उन्हें काफी सुविधा मिलेगी। उन्होंने राज्य सरकार एवं जिला प्रशासन के प्रति आभार जताया।

### राज्य वित्त आयोग अध्यक्ष रविवार को उदयपुर आएंगे

**उदयपुर @ पदमावत मीडिया।** राजस्थान वित्त आयोग के अध्यक्ष डॉ. अरुण चतुर्वेदी रविवार को शाम 5 बजे जैसलमेर से सड़क मार्ग द्वारा उदयपुर पहुंचेंगे। उनका रात्रि विश्राम सर्किट हाउस में रहेगा। सोमवार को वे स्थानीय कार्यक्रमों में भाग लेने के बाद शाम 6:10 बजे जयपुर के लिए रवाना होंगे।

### किसान आयोग अध्यक्ष रविवार को उदयपुर आएंगे

**उदयपुर @ पदमावत मीडिया।** राजस्थान किसान आयोग के अध्यक्ष एवं पूर्व केंद्रीय राज्य मंत्री सी.आर. चौधरी रविवार को अपराह्न 3:30 बजे सड़क मार्ग से डूंगरपुर से उदयपुर पहुंचेंगे। यहां वे कृषि एवं संबद्ध विभागों की समीक्षा बैठक लेंगे। इसके बाद शाम को नाथद्वारा (राजसमंद) के लिए प्रस्थान करेंगे।

## मुख्यमंत्री ने किया ONDC डिजी दुकान का शुभारंभ, कहा

# छोटे व्यापारियों को डिजिटल बाजार से जोड़कर विस्तार का मिलेगा अवसर

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com







**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि डिजिटल इंडिया के सपने को साकार करते हुए राजस्थान में व्यापार के आधुनिकीकरण की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम बढ़ाया गया है। उन्होंने कहा कि ONDC डिजीदुकान प्लेटफॉर्म छोटे और मध्यम व्यापारियों को डिजिटल बाजार से जोड़कर उनके व्यवसाय के विस्तार में सहायक सिद्ध होगा तथा उन्हें नए ग्राहकों और नए बाजारों तक पहुंच उपलब्ध कराएगा। मुख्यमंत्री ने शुक्रवार को जयपुर के बिड़ला ऑडिटोरियम में आयोजित कार्यक्रम में ONDC डिजीदुकान एप का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि राज्य सरकार तकनीक आधारित सुशासन, व्यापार सुगमता और निवेश संवर्धन के लिए प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। ओपन नेटवर्क फॉर डिजिटल कॉमर्स के माध्यम से खुदरा व्यापार, परिवहन और पर्यटन क्षेत्र को विशेष लाभ मिल रहा है तथा स्थानीय व्यापारी अब करोड़ों डिजिटल ग्राहकों तक अपनी पहुंच बना रहे हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि जिस प्रकार यूपीआई ने डिजिटल भुगतान के क्षेत्र में क्रांति लाई है, उसी प्रकार ONDC डिजिटल व्यापार को नई दिशा दे रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में डिजिटल तकनीक आम नागरिकों और छोटे व्यापारियों तक पहुंची है, जिसके परिणामस्वरूप भारत विश्व की सबसे तेजी से विकसित हो रही डिजिटल अर्थव्यवस्थाओं में शामिल हो चुका है।

उन्होंने कहा कि डिजीदुकान से जुड़कर किराना व्यापारी और छोटे कारोबारी अपनी लागत कम कर सकेंगे, समय की बचत कर सकेंगे तथा अपने लाभ में वृद्धि कर पाएंगे। इस मंच पर वितरकों को डिजिटल ऑर्डर और डिजिटल संग्रहण जैसी सुविधाएं भी उपलब्ध होंगी, जिससे व्यापार अधिक पारदर्शी, प्रतिस्पर्धी और लाभकारी बनेगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज व्यापार की प्रकृति तेजी से बदल रही है। ग्राहक डिजिटल हो रहा है, भुगतान डिजिटल हो रहा है और अब आपूर्ति व्यवस्था भी डिजिटल हो रही है। ऐसे समय में छोटे व्यापारियों का भी डिजिटल रूप से सशक्त होना आवश्यक है। उन्होंने विश्वास जताया कि राजस्थान के व्यापारी इस पहल को पूरे उत्साह के साथ अपनाएंगे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राजस्थान सदियों से व्यापार और उद्यमिता की भूमि रहा है। यहां के व्यापारियों ने देश और दुनिया में अपनी मेहनत, ईमानदारी और व्यावसायिक कौशल से अलग पहचान बनाई है। चाहे वस्त्र उद्योग हो, हस्तशिल्प, रत्न-आभूषण क्षेत्र या नवाचार आधारित उद्यम, राजस्थान के उद्यमियों ने हर क्षेत्र में अपनी क्षमता का परिचय दिया है। उन्होंने व्यापारियों से अपने पारंपरिक व्यवसायों में भी डिजिटल तकनीक को अपनाने का आह्वान किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार व्यापार, उद्योग और निवेश को बढ़ावा देने के लिए लगातार कार्य कर रही है। राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट के माध्यम से 35 लाख करोड़ रुपये के निवेश समझौते हुए हैं, जिनमें से लगभग 9 लाख करोड़ रुपये की परियोजनाओं का भूमि पूजन भी हो चुका है। व्यापार सुगमता को बढ़ावा देने के लिए राजस्थान ट्रेड प्रमोशन पॉलिसी-2025 सहित 35 से अधिक नई नीतियां लागू की गई हैं।

उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ ने कहा कि राज्य सरकार व्यापारियों के हित में निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने व्यापारियों से आधुनिक तकनीक और डिजिटल माध्यमों को अपनाकर नए अवसरों का लाभ उठाने का आह्वान किया।

कार्यक्रम में राष्ट्रीय व्यापारी कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष सुनील जे. सिंघी, विभिन्न विभागों के अधिकारी तथा बड़ी संख्या में व्यापारी उपस्थित रहे।

## बालोतरा पुलिस की अपराध समीक्षा बैठक: कानून व्यवस्था, अपराध नियंत्रण और लंबित प्रकरणों के शीघ्र निस्तारण पर दिया जोर

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com



**बालोतरा।** जिले में कानून व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने, अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित करने तथा लंबित प्रकरणों के त्वरित निस्तारण के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक रमेश आईपीएस ने शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय बालोतरा में जिले के समस्त पुलिस अधिकारियों की अपराध समीक्षा गोष्ठी आयोजित की। बैठक में अपराध नियंत्रण, अनुसंधान की गुणवत्ता, विशेष अभियानों की प्रगति, जनसुरक्षा तथा पुलिस कार्यप्रणाली की विस्तृत समीक्षा की गई।

पुलिस अधीक्षक ने कहा कि जिले में मादक पदार्थों की तस्करी के विरुद्ध चलाए जा रहे ऑपरेशन विषभंजन को और अधिक प्रभावी बनाया जाए तथा तस्करों और उनके सप्लायरों के खिलाफ कठोर कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। उन्होंने मादक पदार्थ तस्करी के मामलों में फरार एवं वांछित आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी के लिए ऑपरेशन विषमन के तहत संभावित ठिकानों पर लगातार दबिश देने के निर्देश दिए।

बैठक में पुलिस मुख्यालय एवं रेंज स्तर पर संचालित विशेष अभियानों की समीक्षा करते हुए सभी थानाधिकारियों को गुणवत्तापूर्ण एवं परिणाममुखी कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। लंबित प्रकरणों का समयबद्ध निस्तारण कर उनकी संख्या को निर्धारित मानकों के अनुरूप लाने तथा संगठित एवं आदतन अपराधियों के विरुद्ध प्रभावी कानूनी कार्रवाई करने पर विशेष जोर दिया गया।

पुलिस अधीक्षक ने नवीन आपराधिक कानूनों के प्रभावी क्रियान्वयन के साथ-साथ अनुसंधान की गुणवत्ता बढ़ाने और प्रत्येक प्रकरण का निर्धारित समय सीमा में निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने पॉक्सो एक्ट, दुष्कर्म एवं अन्य जघन्य अपराधों से जुड़े मामलों में वैज्ञानिक एवं गुणवत्तापूर्ण अनुसंधान कर त्वरित न्याय सुनिश्चित करने पर बल दिया।

बैठक में साइबर अपराधों की रोकथाम एवं अनुसंधान को सर्वोच्च प्राथमिकता देने के निर्देश दिए गए। पुलिस अधीक्षक ने तकनीकी साक्ष्यों का प्रभावी संकलन कर अपराधियों के खिलाफ शीघ्र वैधानिक कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा। साथ ही पुलिस प्राथमिकता-2026 के अंतर्गत निर्धारित लक्ष्यों की प्रभावी पालना के लिए प्रत्येक थाना स्तर पर नियमित समीक्षा करने के निर्देश दिए।

अवैध खनन, लोकल एवं स्पेशल एक्ट के मामलों में अधिकाधिक कार्रवाई कर प्रभावी नियंत्रण स्थापित करने तथा दोषियों के खिलाफ कठोर कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए। इसके अलावा जिले में इनामी, फरार एवं वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी अभियान को और अधिक तेज एवं परिणामदायी बनाने पर जोर दिया गया।

पुलिस अधीक्षक ने सक्रिय एवं आदतन अपराधियों की गतिविधियों पर सतत निगरानी रखने, उनकी हिस्ट्रीशीट एवं अभिलेखों का नियमित संधारण करने तथा प्रभावी मॉनिटरिंग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए मोटर वाहन अधिनियम के तहत सख्त कार्रवाई करने तथा यातायात नियमों की पालना सुनिश्चित कराने पर भी बल दिया गया।

संपत्ति संबंधी अपराधों की रोकथाम एवं शीघ्र खुलासे के लिए ऑपरेशन अश्ववेग के तहत रणनीतिक कार्ययोजना बनाकर प्रभावी फील्ड कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। चोरी, नकबजनी एवं सेंधमारी जैसी वारदातों की रोकथाम के लिए रात्रिकालीन गश्त बढ़ाने और संवेदनशील क्षेत्रों में पुलिस की नियमित उपस्थिति बनाए रखने को कहा गया।

बैठक में सभी थानाधिकारियों को गिरफ्तार आरोपियों के फिंगर प्रिंट एवं लाइव स्कैन अनिवार्य रूप से लेकर उनके आपराधिक रिकॉर्ड का डिजिटल संधारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। साथ ही थानों पर आने वाले परिवादियों के साथ संवेदनशील, शालीन और सौहार्दपूर्ण व्यवहार करते हुए उनकी शिकायतों पर प्राथमिकता से त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई करने पर जोर दिया गया।

गोष्ठी में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हरफूल सिंह, वृत्ताधिकारी बाबूलाल मुरारिया, वृत्ताधिकारी योगेश चौधरी, वृत्ताधिकारी गिरधरसिंह, वृत्ताधिकारी सुखाराम सहित जिले के सभी थानाधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में कानून व्यवस्था को और अधिक मजबूत बनाने तथा अपराध नियंत्रण के लिए समन्वित एवं परिणाममुखी पुलिसिंग पर विशेष बल दिया गया।

## डाइट वार्षिक पंचांग पर जिला एवं ब्लॉक अधिकारियों का प्रशिक्षण संपन्न



पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**उदयपुर।** आरएससीईआरटी उदयपुर द्वारा डाइट पंचांग 2026-27 के अंतर्गत जिला एवं ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों का एक दिवसीय आमुखीकरण प्रशिक्षण डाइट उदयपुर में आयोजित किया गया। डाइट प्राचार्य एवं जिला शिक्षा अधिकारी शीला काहाल्या ने बताया कि प्रशिक्षण में उदयपुर एवं सलूम्बर जिले के 20 ब्लॉकों से 40 शिक्षा अधिकारियों ने भाग लिया। प्रभागाध्यक्ष डॉ. मृदुला तिवारी ने डाइट के वार्षिक पंचांग एवं विभिन्न गतिविधियों की जानकारी दी। सीएमएफ टाटा ट्रस्ट के प्रतिनिधि दिलीप शर्मा ने विद्यालयी पुस्तकालयों के सुदृढ़ीकरण पर प्रस्तुतीकरण दिया। वहीं आरएससीईआरटी की एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. आभा शर्मा ने खुशी शाला : खुद की खोज विषय पर जानकारी साझा की। प्रशिक्षण में विभिन्न ब्लॉकों के सीबीईओ, एसीबीईओ एवं संदर्भ व्यक्तियों ने भाग लिया। इस दौरान भाषा समर कैंप की जानकारी दी गई तथा बहुभाषीय शिक्षण के लिए तैयार सेतु मॉड्यूल की प्रतियां वितरित की गईं। अंत में प्रभाग प्रभारी त्रिभुवन चौबीसा ने आभार व्यक्त किया।

### मुख्यमंत्री शनिवार को उदयपुर पहुंचेंगे

**उदयपुर @ पदमावत मीडिया।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा शनिवार को ट्रांजिट यात्रा पर उदयपुर आएंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार वे दोपहर 12:15 बजे वायुयान से महाराणा प्रताप एयरपोर्ट डबोक पहुंचेंगे। इसके बाद हेलीकॉप्टर से सुमेरपुर (पाली) के लिए प्रस्थान करेंगे।

## ऑपरेशन विषभंजन के तहत 44.12 ग्राम स्मैक बरामद, तस्कर गिरफ्तार

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com



**बालोतरा।** जिले में नशा तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे ऑपरेशन विषभंजन के तहत धोरीमन्ना थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए 44.12 ग्राम अवैध स्मैक बरामद कर एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक रमेश ने बताया कि अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हरफूल सिंह एवं वृत्ताधिकारी सुखाराम के सुपरविजन में थानाधिकारी दीपसिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने 19 जून को कबूली निवासी धोलाराम विश्नोई के मकान पर दबिश दी। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से 44.12 ग्राम स्मैक बरामद की गई। पुलिस ने आरोपी धोलाराम पुत्र किसनाराम विश्नोई (43) निवासी कबूली, थाना धोरीमन्ना को गिरफ्तार कर एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज किया है। आरोपी से मादक पदार्थ की खरीद-फरोख्त और तस्करी नेटवर्क के संबंध में पूछताछ की जा रही है। पुलिस के अनुसार आरोपी के खिलाफ पूर्व में भी एनडीपीएस एक्ट के चार प्रकरण दर्ज हैं।

## एएनटीएफ का नशा तस्करों पर बड़ा प्रहार, चार कार्रवाई में अफीम, स्मैक और गांजा बरामद

### जालोर, ब्यावर और जयपुर में ताबड़तोड़ कार्रवाई, पांच आरोपी दस्तयाब







पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**जयपुर।** प्रदेश में नशा तस्करों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स (एएनटीएफ) ने जालोर, ब्यावर और जयपुर में एक ही दिन में चार बड़ी कार्रवाई करते हुए अफीम, स्मैक, गांजा और नकदी बरामद की है। विभिन्न मामलों में पांच आरोपियों को दस्तयाब किया गया है। एएनटीएफ के अनुसार जालोर जिले के भीनमाल थाना क्षेत्र के जेरण गांव में एक मकान पर दबिश देकर 938 ग्राम अवैध अफीम बरामद की गई। कार्रवाई के दौरान जुठाराम देवासी को दस्तयाब किया गया। अफीम रसोईघर में छिपाकर रखी गई थी। ब्यावर सिटी थाना क्षेत्र में कंचन पेट्रोल पंप के निकट स्कूटी से स्मैक की सप्लाई करने पहुंचे पति-पत्नी को दस्तयाब किया गया। स्कूटी की तलाशी में 24.88 ग्राम स्मैक बरामद हुई। मामले में दीपक कुमार और लक्ष्मी देवी को हिरासत में लिया गया तथा स्कूटी जब्त की गई।

जयपुर ग्रामीण के शिवदासपुरा थाना क्षेत्र में पूर्णिमा कॉलेज के पीछे संयुक्त कार्रवाई के दौरान एक महिला के कब्जे से 335 ग्राम गांजा, 0.71 ग्राम स्मैक तथा 21 हजार 500 रुपए नकद बरामद किए गए। दस्तयाब महिला की पहचान शरबत देवी के रूप में हुई।

वहीं जयपुर शहर के नारायण विहार थाना क्षेत्र स्थित जयशंकर कॉलोनी में कार्रवाई करते हुए एक महिला के पास से 142 ग्राम गांजा और 2 हजार रुपए नकद बरामद किए गए। महिला लाली देवी को दस्तयाब किया गया।

एएनटीएफ अधिकारियों ने बताया कि प्रदेश को नशामुक्त बनाने के उद्देश्य से यह अभियान लगातार जारी है तथा नशा तस्करों के नेटवर्क को ध्वस्त करने के लिए आगे भी सख्त कार्रवाई की जाएगी।

एएनटीएफ ने आमजन से अपील की है कि नशा तस्करी या अन्य आपराधिक गतिविधियों की सूचना तत्काल पुलिस अथवा एएनटीएफ को दें। सूचना देने वाले व्यक्ति की पहचान पूरी तरह गोपनीय रखी जाएगी।

# उपभोक्ता सुरक्षा संगठन का संगठन सृजन अभियान तेज, प्रदेशभर में लगेंगे जागरूकता शिविर

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com




**उदयपुर।** उपभोक्ता सुरक्षा संगठन के संगठन सृजन अभियान के तहत उदयपुर कार्यालय में महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में संगठन विस्तार, उपभोक्ता अधिकारों के संरक्षण, साइबर सुरक्षा जागरूकता तथा पर्यावरण संरक्षण जैसे विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। साथ ही प्रदेशभर में उपभोक्ता जागरूकता शिविर आयोजित करने की रूपरेखा तैयार की गई।

बैठक को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय अध्यक्षा डॉ. राजश्री गांधी ने कहा कि उपभोक्ताओं के अधिकारों की रक्षा के लिए संगठन को जमीनी स्तर तक मजबूत बनाना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि जिला एवं स्थानीय स्तर के पदाधिकारियों को नियमित रूप से उपभोक्ता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर आमजन की समस्याओं को समझना होगा तथा उनके समाधान और उचित कार्रवाई के लिए निरंतर प्रयास करने होंगे।

डॉ. गांधी ने पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए अधिक से अधिक वृक्षारोपण करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि स्वच्छ एवं सुरक्षित पर्यावरण समाज की साझा जिम्मेदारी है और प्रत्येक व्यक्ति को इस दिशा में सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए।

प्रदेश अध्यक्ष हेमंत झा ने कहा कि प्रदेश के सभी जिलों में शीघ्र ही उपभोक्ता जागरूकता शिविर आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि संगठन को सक्रिय एवं प्रभावी बनाने के लिए समर्पित पदाधिकारियों को आगे बढ़ाया जाएगा तथा उपभोक्ता हितों से जुड़े मुद्दों को प्राथमिकता से उठाया जाएगा।

बैठक में साइबर सुरक्षा विशेषज्ञ जुबिन मेहता ने डिजिटल सुरक्षा पर जानकारी देते हुए कहा कि वर्तमान तकनीकी युग में सतर्कता ही सबसे बड़ा बचाव है। उन्होंने ऑनलाइन लेन-देन के दौरान सावधानी बरतने, संदिग्ध लिंक पर क्लिक नहीं करने तथा किसी भी प्रकार की साइबर या बैंकिंग धोखाधड़ी की स्थिति में तुरंत संबंधित विभाग अथवा साइबर पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराने की सलाह दी। इस अवसर पर नव नियुक्त पदाधिकारियों का स्वागत किया गया। राष्ट्रीय समन्वयक शिरीष नाथ माथुर, प्रदेश उपाध्यक्ष पारस खुर्दिया, जिला अध्यक्ष प्रवीण नाहर तथा जिला समन्वयक सुरेश पालीवाल ने उपरना एवं परिचय पत्र प्रदान कर उनका अभिनंदन किया।

बैठक में संजीव शर्मा, ईशान शर्मा, नितिन जैन, निवेदिता जोशी, पियूष खटोड़, हर्षराज सुथार, डॉ. संगीता तिवारी, जुबिन मेहता, अधिवक्ता विकास त्रिपाठी, प्रेमलता मेहता, विवेक दलावत, शैलेश जैन, लक्ष्मी गोस्वामी, संगीता शर्मा, डॉ. ममता सक्सेना, वैभव सक्सेना, एम.एस. वर्मा तथा ऋषि सुखवाल सहित अनेक पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### सेवा शिविरों में समाधान की बयार, गांव-शहर में पहुंच रही राहत

**उदयपुर @ पदमावत मीडिया।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में आयोजित शहरी एवं ग्रामीण सेवा शिविरों के माध्यम से आमजन की समस्याओं का त्वरित समाधान किया जा रहा है। जिला कलेक्टर गौरव



अग्रवाल के निर्देशन में जिलेभर में शिविरों का सफल संचालन हो रहा है। जनजाति क्षेत्रीय विकास मंत्री बाबूलाल खराड़ी ने झाड़ोल क्षेत्र के गोदाणा में आयोजित शिविर में पहुंचकर लाभार्थियों को योजनाओं के लाभ वितरित किए। शुक्रवार को काया, कोट, भूताला, महुड़ा, पलाना खुर्द, धमानिया, बग्गड़, छाली, ढोल, गोगला, गोदाणा, कातरवास, करावड़ा, पीपली-ए, कोलिया, कोदरमाल एवं जुनापादर ग्राम पंचायतों में ग्रामीण सेवा शिविर आयोजित किए गए। वहीं उदयपुर विकास प्राधिकरण, नगर निगम एवं विभिन्न नगरपालिकाओं के चिन्हित वार्डों में शहरी सेवा शिविर लगाए गए। शिविरों में विभिन्न विभागों द्वारा आमजन की परिवेदनाएं सुनकर उनका निस्तारण किया गया तथा पात्र लाभार्थियों को सरकारी योजनाओं का लाभ प्रदान किया गया। बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं शहरी नागरिकों ने शिविरों में पहुंचकर सेवाओं का लाभ उठाया। जिला प्रशासन की ओर से नियुक्त प्रभारी अधिकारियों ने शिविरों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा अधिकारियों को आमजन की समस्याओं के समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण समाधान के निर्देश दिए।

#### तेलंगाना एसीबी की बड़ी कार्रवाई

### 35 हजार रुपये की रिश्वत मांगने वाला सर्वे एवं भू-अभिलेख विभाग का अधिकारी रंगे हाथ गिरफ्तार

**हैदराबाद @ पदमावत मीडिया।** तेलंगाना भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) ने नलगोंडा जिले में बड़ी कार्रवाई करते हुए सर्वे एवं भू-



अभिलेख विभाग के एक अधिकारी को रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। आरोपी अधिकारी ने भूमि सर्वे रिपोर्ट जारी करने के बदले 35 हजार रुपये की रिश्वत की मांग की थी। एसीबी के अनुसार नलगोंडा जिले में राजस्व संभागीय अधिकारी कार्यालय में कार्यरत सर्वे एवं भू-अभिलेख विभाग के उप निरीक्षक जी. पवन कुमार को 19 जून 2026 को एसीबी नलगोंडा रेंज की टीम ने रंगे हाथ पकड़ा। आरोपी ने शिकायतकर्ता की माता एवं मौसी की भूमि से संबंधित सर्वे रिपोर्ट जारी करने के एवज में 35 हजार रुपये रिश्वत की मांग की थी। जांच में सामने आया कि आरोपी अधिकारी मांग की तिथि पर शिकायतकर्ता से 20 हजार रुपये अग्रिम रिश्वत पहले ही ले चुका था। इसके बाद शेष 15 हजार रुपये की राशि लेने के दौरान एसीबी टीम ने उसे नलगोंडा कलेक्ट्रेट के निकट रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। एसीबी ने आरोपी के कब्जे से 15 हजार रुपये की रिश्वत राशि बरामद कर ली। जांच एजेंसी के अनुसार आरोपी ने अपने पद का दुरुपयोग करते हुए अनुचित लाभ प्राप्त करने के लिए अपने कर्तव्यों का बेईमानीपूर्वक निर्वहन किया। गिरफ्तारी के बाद आरोपी को विशेष एसीबी न्यायालय में पेश कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजने की कार्रवाई की जा रही है। मामले में विस्तृत जांच जारी है।

### अनुसूचित जाति वित्त एवं विकास आयोग अध्यक्ष रविवार को उदयपुर में

**उदयपुर @ पदमावत मीडिया।** राजस्थान राज्य अनुसूचित जाति वित्त एवं विकास आयोग के अध्यक्ष राजेन्द्र कुमार नायक रविवार शाम 4 बजे उदयपुर पहुंचेंगे। सोमवार को वे एकलिंगजी मंदिर के दर्शन करेंगे तथा जिला कलेक्ट्रेट में विभागीय अधिकारियों की बैठक लेंगे। इसके बाद दोपहर 2 बजे जयपुर के लिए प्रस्थान करेंगे।

## आयुर्वेद महाविद्यालय में योग विषयक सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित






पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**उदयपुर।** 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस-2026 के उपलक्ष्य में मदन मोहन मालवीय राजकीय आयुर्वेद महाविद्यालय, अंबामाता में स्वस्थ आयु के लिए योग विषय पर योग विषयक सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में योग, स्वास्थ्य और भारतीय संस्कृति के महत्व पर प्रकाश डाला गया। मुख्य अतिथि प्रो. मदनसिंह राठौड़ ने कहा कि योग भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर है, जो शारीरिक, मानसिक एवं आध्यात्मिक स्वास्थ्य का आधार है। उन्होंने युवाओं से योग को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने का आह्वान किया। कार्यक्रम में योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने विभिन्न योगासनों और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से योग के महत्व को प्रदर्शित किया। राजस्थान पुलिस के एएसआई राजू खींची के एक्रो योगा समूह, स्वास्थ्य सेतु टीम, योग मॉर्निंग क्लब तथा अन्य प्रतिभागियों की प्रस्तुतियां आकर्षण का केंद्र रहीं। पूरण सिंह राठौड़ द्वारा षट्कर्मों का प्रदर्शन भी सराहा गया। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. अशोक कुमार शर्मा ने अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम में पोस्टर प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के महाविद्यालय नोडल अधिकारी प्रो. किशोरी लाल शर्मा ने योग को सभी आयु वर्ग के लिए लाभकारी बताते हुए स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का संदेश दिया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. इकबाल खान गौरी ने किया तथा अंत में डॉ. पी.डी. शर्मा ने आभार व्यक्त किया।

## अम्बे माताजी मंदिर का वार्षिक ध्वजारोहण हर्षोल्लास के साथ सम्पन्न

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**संवाददाता : माणकमल भंडारी**



**भीनमाल ।** मदुरै राजस्थानी सेवा समाज के तत्वावधान में देवनगरी स्थित अम्बे माताजी मंदिर के प्रथम वार्षिक महोत्सव का आयोजन किया गया। ध्वजारोहण समारोह श्रद्धा, भक्ति एवं उत्साह के वातावरण में सम्पन्न हुआ। प्रवक्ता दिनेश सालेचा ने बताया कि विधिवत मंत्रोच्चार एवं वैदिक रीति-रिवाजों के साथ मंदिर शिखर पर अमर ध्वजा फहराई गई। इस दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने उपस्थित होकर माताजी के जयकारों के साथ ध्वजा कार्यक्रम में भाग लिया। मंदिर के मुख्य शिखर पर कायमी अमर ध्वजारोहण लाभार्थी हुकमसिंह जवानसिंह दहिया परिवार (ओटवाला) मदुराई द्वारा किया गया। कार्यक्रम के पश्चात दुर्गा हवन का आयोजन हुआ। जिसमें श्रद्धालुओं ने धर्मलाभ प्राप्त किया।

मीडिया प्रभारी माणकमल भंडारी ने बताया कि इस दौरान मदुरै राजस्थानी सेवा ट्रस्ट के ट्रस्टी मोहनलाल चौधरी, हुकमसिंह दहिया, पुनमाराम प्रजापत, जोमतराम सुंदेशा, रमेशकुमार रावल, मादाराम चौधरी, बाबुलाल कुमावत, मदुरै राजस्थानी सेवा समाज के अध्यक्ष तेजाराम सुधार, उपाध्यक्ष जीनाराम प्रजापत एवं छेलसिंह दहिया, महासचिव ओमप्रकाश चौधरी, सह सचिव अमराराम देवासी एवं गुमानाराम चौधरी, कोषाध्यक्ष वगतसिंह देवड़ा, सह कोषाध्यक्ष हंजाराम माली एवं बाबूसिंह परिहार, प्रचार मंत्री रमेशकुमार घांची एवं रतन वैष्णव सहित समाज के अनेक पदाधिकारी एवं गणमान्य सदस्य उपस्थित रहे।

## ब्लोक स्तरीय समारोह में मनाया जाएगा योग दिवस

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**संवाददाता : माणकमल भंडारी**



**भीनमाल।** 12 वां अंतराष्ट्रीय योग दिवस रविवार को ब्लॉक स्तरीय समारोह में राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय कचहरी रोड में प्रातः 6 बजे मनाया जाएगा। जिसमें सभी शहर वासी सादर आमंत्रित है। कार्यक्रम प्रभारी डॉ मुकेशकुमार ने बताया कि योग प्राचीन भारत की एक आध्यात्मिक, मानसिक और शारीरिक साधना है। 'योग' शब्द संस्कृत के 'युज' धातु से बना है, जिसका अर्थ जुड़ना या एकाकार होना है। यह शारीरिक मुद्राओं आसनों, श्वास नियंत्रण, प्राणायाम और ध्यान के माध्यम से मन, शरीर और आत्मा के बीच संतुलन स्थापित करता है । योग को जीवन के अलग-अलग लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए कई शाखाओं में बांटा गया है। बुद्धि और ज्ञान का मार्ग। ईश्वर के प्रति प्रेम और समर्पण का मार्ग। बिना फल की चिंता किए निस्वार्थ कर्म करने का मार्ग। राज योग मन और इंद्रियों पर नियंत्रण का मार्ग यम, नियम, आसन, प्राणायाम, प्रत्याहार, धारणा, ध्यान, समाधि । शरीर और मन को शुद्ध करने के लिए शारीरिक आसनों पर जोर । योग करने के फायदे नियमित रूप से योग का अभ्यास करने से अनगिनत स्वास्थ्य लाभ मिलते हैं। कार्यक्रम प्रभारी मुकेशकुमार ने बताया कि योग कार्यक्रम में शहर वासी भाग लेकर अपनी सहभागिता निभायेगें।

## पाटिया थाना पुलिस की बड़ी कार्रवाईः अवैध शराब तस्करी के खिलाफ कार्रवाई, शराब से भरी बिना नंबर की ईको कार जब्त

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**उदयपुर।** जिले में अवैध शराब के परिवहन और तस्करी के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत पाटिया थाना पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए शराब से भरी एक बिना नंबर की मारुति सुजुकी ईको कार जब्त की है। पुलिस को देखते ही चालक वाहन छोड़कर फरार हो गया, जिसकी तलाश की जा रही है। जब्त शराब एवं वाहन की कुल कीमत करीब 5 लाख रुपये आंकी गई है। पुलिस अधीक्षक डॉ. अमृता दुहन के निर्देशन में जिलेभर में अवैध शराब के खिलाफ विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अंजना सुखवाल एवं वृत्ताधिकारी राजीव राहड़ के सुपरविजन में पाटिया थानाधिकारी देवीलाल के नेतृत्व में पुलिस टीम ने यह कार्रवाई की।

पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि क्षेत्र में अवैध शराब का परिवहन किया जा रहा है। सूचना के आधार पर 18 जून 2026 को देवता गुड़ा तिराहा क्षेत्र में नाकाबंदी की गई। नाकाबंदी के दौरान एक बिना नंबर की मारुति सुजुकी ईको कार आती दिखाई दी। पुलिस को देखकर चालक वाहन को वापस मोड़कर देवता कड़ियानाला की ओर तेज गति से भागने लगा। पुलिस टीम ने तत्काल पीछा किया। कुछ दूरी पर चालक वाहन को देवता हनुमानजी मंदिर के पास एक सुनसान स्थान पर छोड़कर भाग निकला। पुलिसकर्मियों ने उसका पीछा भी किया, लेकिन वह अंधेरे और झाड़ियों का फायदा उठाकर फरार होने में सफल रहा। इसके बाद पुलिस ने वाहन की तलाशी ली, जिसमें राजस्थान निर्मित विभिन्न ब्रांडों की अंग्रेजी शराब के कुल 12 कार्टन बरामद हुए। पुलिस ने अवैध शराब और वाहन को जब्त कर लिया तथा आबकारी अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज कर अनुसंधान शुरू कर दिया है। पुलिस के अनुसार जब्त शराब का बाजार मूल्य लगभग 1 लाख रुपये तथा जब्त वाहन की कीमत करीब 4 लाख रुपये है। इस प्रकार कार्रवाई के दौरान कुल 5 लाख रुपये का माल जब्त किया गया है।

## चारण महासभा अध्यक्ष पद के लिए मतदान 21 जून को



**उदयपुर @ पदमावत मीडिया।** चारण महासभा अध्यक्ष पद के चुनाव के लिए 21 जून को भोपाल चारण छात्रावास, सूरजपोल स्थित हनुमान मंदिर परिसर में सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे तक मतदान होगा। मतदान समाप्ति के बाद मतगणना शुरू होगी तथा देर रात तक परिणाम घोषित किए जाने की संभावना है। चुनाव में उदयपुर, बांसवाड़ा, डूंगरपुर, प्रतापगढ़, चित्तौड़गढ़, भीलवाड़ा एवं राजसमंद जिले के लगभग 2200 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। मतदान के लिए आधार कार्ड साथ लाना अनिवार्य रहेगा। अध्यक्ष पद के लिए नरेंद्र सिंह सौदा (राबचा) एवं भेरू सिंह सौदा (डीडवाना) मैदान में हैं। निर्वाचित अध्यक्ष का कार्यकाल तीन वर्ष का होगा। निर्वाचन प्रक्रिया के लिए नरपत सिंह को पर्यवेक्षक तथा जब्बर सिंह एवं महिपाल सिंह को निर्वाचन अधिकारी नियुक्त किया गया है।

# एमडी ड्रग फैक्ट्री के सरगना पर पुलिस का बड़ा प्रहार, अवैध आशियाना किया ध्वस्त

**सरकारी भूमि पर कब्जा कर बनाए गए पक्के मकान पर चला बुलडोजर, नशा तस्करों के खिलाफ कार्रवाई जारी**

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com



**बाड़मेर/जयपुर ।** मादक पदार्थ तस्करों और संगठित अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत बाड़मेर पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए अवैध एमडी ड्रग फैक्ट्री से जुड़े मुख्य आरोपी के सरकारी भूमि पर बने अवैध मकान को ध्वस्त कर दिया। पुलिस और राजस्व विभाग की संयुक्त कार्रवाई में बुलडोजर चलाकर अवैध निर्माण को हटाया गया। जिला पुलिस अधीक्षक चूनाराम जाट ने बताया कि सेडवा थाना क्षेत्र में दर्ज एनडीपीएस एक्ट के एक प्रकरण में अवैध मादक पदार्थ एमडी की फैक्ट्री संचालित करने वाले मुख्य आरोपी अरबाब खां पुत्र मूसा निवासी सिंहार को पूर्व में गिरफ्तार किया जा चुका है। प्रकरण में उसका पुत्र करीम खां भी वांछित है, जिसकी तलाश जारी है। पुलिस जांच में सामने आया कि आरोपियों ने अवैध कारोबार से अर्जित धन के बल पर ग्राम सिंहार में सरकारी भूमि पर कब्जा कर पक्का मकान बना रखा था। सेडवा थाना पुलिस द्वारा अवैध निर्माण चिन्हित कर उपखंड प्रशासन को अतिक्रमण हटाने के लिए प्रस्ताव भेजा गया था।

उपखंड प्रशासन द्वारा आदेश जारी होने के बाद पुलिस एवं राजस्व विभाग की संयुक्त टीम ने ग्राम सिंहार में कार्रवाई को अंजाम दिया। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नितेश आर्य के नेतृत्व में गठित विशेष पुलिस दल की मौजूदगी में प्रशासनिक अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर कार्रवाई की।

उपखंड मजिस्ट्रेट बद्रीनारायण, तहसीलदार जोताराम मीणा, उप तहसीलदार महेन्द्रसिंह, सहायक विकास अधिकारी प्रहलादराम पंवार, ग्राम विकास अधिकारी एवं पटवारी की मौजूदगी में जेसीबी और बुलडोजर की सहायता से अवैध निर्माण को पूरी तरह ध्वस्त कर दिया गया।

चूनाराम जाट ने कहा कि नशा तस्करों, संगठित अपराधियों एवं अवैध गतिविधियों में संलिप्त व्यक्तियों के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा। अपराध से अर्जित संपत्तियों और सरकारी भूमि पर किए गए अतिक्रमण के विरुद्ध आगे भी इसी प्रकार सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## प्रधानमंत्री विकसित भारत रोजगार योजना से उदयपुर संभाग के 1141 कार्मिक लाभान्वित

**उदयपुर @ पदमावत मीडिया।** प्रधानमंत्री विकसित भारत रोजगार योजना के तहत शुक्रवार को यूसीसीआई सभागार में लाभ वितरण एवं संवाद कार्यक्रम आयोजित हुआ। कार्यक्रम में विज्ञान भवन, नई दिल्ली में आयोजित राष्ट्रीय कार्यक्रम का सीधा प्रसारण भी किया गया, जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने डीबीटी के माध्यम से लाभार्थियों के खातों में प्रोत्साहन राशि हस्तांतरित की। मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद चुन्नीलाल गरासिया ने कहा कि विकसित भारत के निर्माण में रोजगार सृजन सबसे बड़ी शक्ति है। उन्होंने युवाओं से योजना का अधिकतम लाभ उठाकर आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में योगदान देने का आह्वान किया। लोकसभा सांसद मन्नालाल रावत ने योजना को रोजगार और सामाजिक सुरक्षा की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया, जबकि विधायक फूलसिंह मीणा ने कहा कि यह योजना युवाओं और उद्योगों के बीच मजबूत सेतु का कार्य कर रही है। कर्मचारी भविष्य निधि आयुक्त प्रशांत कुमार सिन्हा ने बताया कि उदयपुर संभाग के 127 संस्थानों एवं 1141 कार्मिकों के खातों में योजना के तहत कुल 1.49 करोड़ रुपये की राशि हस्तांतरित की गई। कार्यक्रम में नियोक्ता पंकज जोशी और कार्मिक प्रियंका नायर ने भी अपने अनुभव साझा किए।

## खबर संक्षेप

### परिवीक्षाकालीन कर्मचारियों को मिलेगा राज्य बीमा कवर

जयपुर @ पदमावत मीडिया। जयपुर। राज्य सरकार ने परिवीक्षाकालीन कर्मचारियों को भी राज्य बीमा योजना के दायरे में शामिल करने का निर्णय लिया है। निदेशालय, राज्य बीमा एवं प्रावधायी निधि विभाग द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार यह व्यवस्था 1 अप्रैल 2026 से प्रभावी होगी। राजस्थान सरकारी कर्मचारी बीमा नियम, 1998 के तहत अब परिवीक्षाकालीन कर्मचारियों को नियुक्ति के बाद आने वाले प्रथम मार्च माह से राज्य बीमा योजना का लाभ मिलेगा। इसके लिए उनके पारिश्रमिक से प्रतिमाह 800 रुपये राज्य बीमा प्रीमियम के रूप में काटे जाएंगे। संयुक्त निदेशक प्रह्लाद कुमार मीणा ने बताया कि इस निर्णय से कर्मचारियों को सेवा के प्रारंभिक चरण से ही सामाजिक एवं वित्तीय सुरक्षा का लाभ मिल सकेगा।

### न धूप की और न ही सफेद कुर्ते-पायजामे की परवाह उठाया फावड़ा-तगाड़ी किया श्रमदान

जैसलमेर @ पदमावत मीडिया। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के जन्मदिन के मौके पर देश भर से जश्न मनाने की तस्वीरें सामने आ रही हैं। कहीं केक काटा जा रहा है, तो कहीं बड़े-बड़े होर्डिंग्स लगाकर शक्ति प्रदर्शन हो रहा है, लेकिन इस बार राजस्थान के सरहदी जिले जैसलमेर से एक ऐसी अनूठी और जमीनी कहानी सामने आई, जिसने इस सियासी उत्सव को श्रम की गरिमा से जोड़ दिया। बाड़मेर के कद्दावर नेता, विधायक और मध्य प्रदेश कांग्रेस के प्रभारी हरीश चौधरी ने इस मौके पर कुछ ऐसा किया कि सोशल मीडिया से लेकर सियासी गलियारों तक चर्चा हो रही है। उन्होंने न तो धूप की परवाह की और न ही अपने सफेद कुर्ते-पायजामे की। हरीश चौधरी ने खुद हाथ में फावड़ा उठाया और सिर पर तगाड़ी उठाकर मिट्टी फेंकना शुरू कर दिया। विधायक को अपने बीच एक आम मजदूर की तरह पसीना बहाते देख वहां काम कर रहे मनरेगा श्रमिक भी अचरज में पड़ गए। पार्टी नेताओं और पदाधिकारियों के साथ करीब एक घंटे तक चले इस अनोखे श्रमदान के बाद हरीश चौधरी ने इस आयोजन के पीछे का गहरा संदेश साफ किया। उन्होंने कहा कि यह अवसर केवल केक काटने या नारेबाजी करने का नहीं है। यह दिन उन मेहनतकश हाथों के सम्मान का है, जो इस देश की रीढ़ हैं। राहुल गांधी हमेशा सामाजिक न्याय, अंतिम छोर पर बैठे व्यक्ति के अधिकार और जनभागीदारी की बात करते हैं। मनरेगा कांग्रेस के इसी विजन का प्रतीक है, इसलिए उनके जन्मदिन पर श्रमदान करने से बेहतर कोई तोहफा नहीं हो सकता था।

### ट्रेन में बिना टिकट यात्रा पर अब 500 रुपए जुमार्ना

जयपुर @ पदमावत मीडिया। रेल मंत्रालय ने बिना टिकट यात्रा करने वालों के खिलाफ सख्त कदम उठाते हुए न्यूनतम जुमार्ना 250 रुपए से बढ़ाकर 500 रुपए कर दिया है। नए नियम 1 जुलाई 2026 से पूरे देश में लागू होंगे। बिना टिकट या गलत टिकट पर यात्रा करने वाले यात्रियों को किराए के साथ कम से कम 500 रुपए अतिरिक्त भुगतान करना होगा। दूसरे व्यक्ति के टिकट पर यात्रा करने पर भी टिकट जब्त कर जुमार्ना वसूला जाएगा। रेलवे परिसर में अवैध फेरी, सामान बेचने और अनुशासनहीनता पर भी कड़ी कार्रवाई होगी। रेलवे का उद्देश्य नियम उल्लंघनों पर रोक लगाकर यात्रियों को सुरक्षित और व्यवस्थित यात्रा सुविधा उपलब्ध कराना है।

### महादेव मंदिर से शिव प्रतिमा चोरी का खुलासा, आरोपी ऑटो चालक गिरफ्तार

जयपुर @ पदमावत मीडिया। जयपुर के इंदिरा बाजार स्थित सिंहद्वारेश्वर महादेव मंदिर से भगवान शिव की प्रतिमा चोरी करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी एक ऑटो चालक बताया जा रहा है, जिसके कब्जे से चोरी हुई 11 इंच की शिव प्रतिमा बरामद कर ली गई है। 18 जून को मंदिर में पूजा करने पहुंचे व्यापारियों ने प्रतिमा गायब देख पुलिस को सूचना दी थी। सीसीटीवी फुटेज में एक व्यक्ति सुबह करीब 9:15 बजे मंदिर से प्रतिमा ले जाते हुए दिखाई दिया। घटना के बाद व्यापार मंडल और स्थानीय लोगों ने मंदिर के बाहर प्रदर्शन कर प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की थी। कोतवाली थाना पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को पकड़ लिया। फिलहाल उससे पूछताछ जारी है। व्यापार मंडल ने मंदिर की सुरक्षा व्यवस्था और मजबूत करने की मांग की है।

# प्रधानमंत्री विकसित भारत रोजगार योजना से युवाओं को मिला सामाजिक सुरक्षा का कवच, 70 लाख से अधिक रोजगार सृजित

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com









जयपुर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि विकसित भारत का सपना युवाओं के हुनर, कौशल और सामर्थ्य से ही साकार होगा। उन्होंने कहा कि देश के युवाओं की क्षमता को अवसरों में बदलने के लिए प्रधानमंत्री विकसित भारत रोजगार योजना एक महत्वपूर्ण माध्यम बनकर उभरी है। इस योजना के माध्यम से रोजगार सृजन को बढ़ावा मिलने के साथ-साथ युवाओं को सामाजिक सुरक्षा का मजबूत कवच भी प्राप्त हो रहा है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नई दिल्ली के विज्ञान भवन से आयोजित कार्यक्रम में प्रधानमंत्री विकसित भारत रोजगार योजना के अंतर्गत देशभर के 15 लाख लाभार्थी युवाओं को 2,400 करोड़ रुपये की प्रोत्साहन राशि हस्तांतरित की। उन्होंने कहा कि यह राशि केवल आर्थिक सहायता नहीं, बल्कि युवाओं के परिश्रम, प्रतिभा और संकल्प का सम्मान है। प्रधानमंत्री ने कहा कि यह योजना न केवल पहली बार नौकरी प्राप्त करने वाले युवाओं को सशक्त बना रही है, बल्कि उद्योगों को भी रोजगार सृजन के लिए प्रोत्साहित कर रही है। उन्होंने बताया कि योजना के माध्यम से अब तक 70 लाख से अधिक रोजगार सृजित हुए हैं तथा 20 लाख से अधिक नव नियुक्त युवा अपनी नियुक्ति के छह माह पूर्ण कर चुके हैं। उन्होंने कहा कि आज भारत दुनिया की सबसे युवा आबादी वाले देशों में शामिल है और युवाओं के लिए नए अवसर लगातार बढ़ रहे हैं। देश में दो लाख से अधिक पंजीकृत स्टार्टअप सक्रिय हैं। वहीं 40 देशों के साथ हुए मुक्त व्यापार समझौतों से भारतीय उत्पादों को नए बाजार मिल रहे हैं, जिससे रोजगार और आर्थिक विकास को नई गति प्राप्त हो रही है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि सरकार की सोच सुरक्षित रोजगार और प्रत्येक श्रमिक के लिए सामाजिक सुरक्षा सुनिश्चित करने की है। इसी दिशा में कर्मचारी भविष्य निधि संगठन तथा पेंशन व्यवस्था को तकनीक के माध्यम से सरल बनाया गया है। नए श्रम कानूनों का उद्देश्य श्रमिकों को अधिक सुरक्षा, पारदर्शिता और अधिकार प्रदान करना है।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए केंद्रीय श्रम एवं रोजगार तथा युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में रोजगार और सामाजिक सुरक्षा का नया युग प्रारंभ हुआ है। सरकार एक ओर युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध करा रही है तो दूसरी ओर उद्योग और कारोबार को प्रोत्साहन देकर आर्थिक विकास को गति प्रदान कर रही है।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के 12 वर्षों के कार्यकाल में देश के युवाओं के लिए रिकॉर्ड 17 करोड़ रोजगार अवसरों का सृजन हुआ है। वहीं सामाजिक सुरक्षा के दायरे में आने वाले लोगों की संख्या में भी उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। वर्तमान में देश के लगभग 94 करोड़ लोग सामाजिक सुरक्षा योजनाओं से लाभान्वित हो रहे हैं।

इस अवसर पर जयपुर में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने निजी क्षेत्र में नव नियुक्त युवाओं को नियुक्ति पत्र प्रदान किए। मुख्यमंत्री ने युवाओं को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि राज्य सरकार रोजगार सृजन, कौशल विकास और युवा सशक्तिकरण के लिए निरंतर प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है।

कार्यक्रम में सांसद राव राजेन्द्र सिंह, विधायक कालीचरण सराफ, विभिन्न विभागों के अधिकारी, निजी नियोक्ता तथा नव नियुक्त कार्मिक उपस्थित रहे।

## पात्र व्यक्ति तक पहुंचे योजनाओं का लाभ : अविनाश गहलोत

### उदयपुर दौरे पर विभागीय योजनाओं की समीक्षा, नशा मुक्त भारत जागरूकता वैन को दिखाई हरी झंडी

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com







उदयपुर । सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग मंत्री अविनाश गहलोत ने शुक्रवार को उदयपुर दौरे के दौरान चित्रकूट नगर स्थित राजकीय किशोर गृह में विभागीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक लेकर विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की प्रगति का जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक सरकार की योजनाओं का लाभ समयबद्ध रूप से पहुंचे तथा लंबित प्रकरणों का शीघ्र निस्तारण सुनिश्चित किया जाए।

बैठक में विभाग के संयुक्त निदेशक गिरीश भटनागर ने विभागीय प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। मंत्री ने पालनहार योजना, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, मुख्यमंत्री कन्यादान योजना, अंतरजातीय विवाह प्रोत्साहन योजना सहित विभिन्न योजनाओं की समीक्षा करते हुए लाभार्थियों की स्थिति एवं लंबित मामलों की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने संपर्क पोर्टल पर दर्ज प्रकरणों का त्वरित निस्तारण करने के निर्देश भी दिए।

अविनाश गहलोत ने पालनहार योजना में नव शामिल बच्चों की जानकारी लेते हुए कहा कि पात्र परिवारों तक योजनाओं का लाभ प्रभावी रूप से पहुंचाना विभाग की प्राथमिक जिम्मेदारी है। उन्होंने एट्रोसिटी प्रकरणों एवं अन्य कल्याणकारी योजनाओं की प्रगति की भी समीक्षा की।

बैठक में विभागीय छात्रावासों के जर्जर भवनों की मरम्मत कार्यों की जानकारी लेते हुए गुणवत्तापूर्ण निर्माण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि आवासीय संस्थाओं एवं छात्रावासों में विद्यार्थियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना प्राथमिकता होनी चाहिए।

दिव्यांगजन कल्याण योजनाओं की समीक्षा करते हुए उन्होंने अधिकारियों को चिकित्सा विभाग के साथ समन्वय स्थापित कर पात्र दिव्यांगजनों को समय पर पेंशन लाभ उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। साथ ही 40 प्रतिशत या उससे अधिक दिव्यांगता वाले 18 से 45 वर्ष आयु वर्ग के पात्र व्यक्तियों को मुख्यमंत्री दिव्यांगजन स्कूटी योजना के लिए अधिकाधिक आवेदन करने हेतु प्रेरित करने को कहा। नारी निकेतन एवं अन्य आवासीय संस्थाओं की सुरक्षा और सुविधाओं की समीक्षा करते हुए मंत्री ने कहा कि लाभार्थियों को सुरक्षित, सम्मानजनक और अनुकूल वातावरण उपलब्ध कराया जाना चाहिए।

बैठक से पूर्व अविनाश गहलोत ने किशोर गृह परिसर में एक पेड़ मां के नाम एवं हरियालो राजस्थान अभियान के अंतर्गत पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इस अवसर पर उन्होंने नशा मुक्त भारत अभियान के तहत जागरूकता पोस्टर का विमोचन किया तथा जागरूकता वैन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। कार्यक्रम में समाजसेवी गजपाल सिंह राठौड़, सहायक निदेशक बाल अधिकारिता के.के. चंद्रवंशी, जिला समाज कल्याण अधिकारी सूरज परमार, सामाजिक सुरक्षा अधिकारी हर्षित पंचोली, प्रवीण पानेरी सहित विभाग के जिला एवं ब्लॉक स्तरीय अधिकारी, नारी निकेतन एवं बालिका गृह के अधिकारी उपस्थित रहे।

## राजस्थान तकनीकी विश्वविद्यालय में एमबीए प्रवेश प्रक्रिया शुरू



पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

कोटा। राजस्थान तकनीकी विश्वविद्यालय के डिपार्टमेंट ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए एमबीए पाठ्यक्रम में प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है। विभाग में एमबीए के साथ बीबीए एवं पीएचडी कार्यक्रम भी संचालित किए जा रहे हैं। सह जनसंपर्क अधिकारी विक्रम राठौड़ ने बताया कि ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया 24 जून से शुरू होगी, जबकि आवेदन की अंतिम तिथि 8 जुलाई निर्धारित की गई है। अंतिम मेरिट सूची 10 जुलाई को जारी होगी तथा चयनित अभ्यर्थियों की रिपोर्टिंग 14 से 20 जुलाई तक होगी। कक्षाएं 22 जुलाई से प्रारंभ होंगी। एमबीए पाठ्यक्रम में मार्केटिंग, फाइनेंस, मानव संसाधन प्रबंधन, बिजनेस एनालिटिक्स, सूचना प्रौद्योगिकी एवं प्रोडक्शन एंड ऑपरेशंस मैनेजमेंट जैसे विषय शामिल हैं। प्रवेश सीमैट, कैट, एक्सएटी, एटीएमए, मैट, जीमैट स्कोर एवं स्नातक मेरिट के आधार पर होगा। कुलगुरु प्रो. निमित चौधरी ने कहा कि एमबीए पाठ्यक्रम विद्यार्थियों में नेतृत्व क्षमता, निर्णय लेने की योग्यता एवं प्रबंधन कौशल विकसित कर उन्हें कॉर्पोरेट, स्टार्टअप एवं उद्यमिता के क्षेत्र में बेहतर अवसर प्रदान करता है।

## मोनिका चौधरी अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की जिला संयोजक बनी

संवाददाता : माणकमल भंडारी



भीनमाल @ पदमावत मीडिया। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद जोधपुर प्रांत के प्रांत अभ्यास वर्ग का आयोजन हुआ। इस अवसर पर संगठनात्मक दायित्वों की घोषणा करते हुए स्थानीय निवासी मोनिका चौधरी को अभाविप भीनमाल जिला संयोजक का दायित्व प्रदान किया गया। कार्यक्रम में उत्तर-पश्चिम क्षेत्र संगठन मंत्री अश्विनी शर्मा, अभाविप के राष्ट्रीय मंत्री हर्षित ननोमा एवं जोधपुर प्रांत संगठन मंत्री रोहित चतुर्वेदी की विशेष उपस्थिति रही। उन्होंने कार्यकताओं का मार्गदर्शन करते हुए कहा कि अभाविप सदैव विद्यार्थी हित, राष्ट्र निर्माण एवं सामाजिक चेतना के कार्यों में अग्रणी भूमिका निभाता रहा है। उन्होंने नवदायित्व प्राप्त कार्यकताओं को संगठन की विचारधारा एवं दायित्वों के प्रति समर्पित होकर कार्य करने का आह्वान किया। भीनमाल जिले से मोनिका चौधरी के जिला संयोजक मनोनीत होने पर कार्यकताओं ने हर्ष व्यक्त करते हुए उज्ज्वल एवं सफल कार्यकाल की शुभकामनाएँ दी।

## विश्व सिकल सेल दिवस पर दोहराया सिकल सेल मुक्त भारत का संकल्प

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com






उदयपुर । विश्व सिकल सेल दिवस के अवसर पर रवींद्रनाथ टैगोर मेडिकल कॉलेज एवं महाराणा भूपाल राजकीय चिकित्सालय द्वारा जागरूकता एवं शैक्षिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य इस वर्ष की वैश्विक थीम क्लोजिंग द सर्वाइवल गैप- इक्विटी इन सिकल सेल केयर के माध्यम से मरीजों को बेहतर एवं समान स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के प्रति जागरूकता बढ़ाना रहा। कार्यक्रम में जनजातीय क्षेत्रीय विकास एवं गृह रक्षा विभाग मंत्री बाबूलाल खराड़ी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। संभागीय आयुक्त प्रज्ञा केवलरमानी तथा रवींद्रनाथ टैगोर मेडिकल कॉलेज के प्रधानाचार्य एवं नियंत्रक डॉ. राहुल जैन विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाराणा भूपाल राजकीय चिकित्सालय के अधीक्षक एवं सेंटर ऑफ कॉम्पिटेंस के नोडल अधिकारी डॉ. आर.एल. सुमन ने की।

कार्यक्रम के दौरान सेंटर ऑफ कॉम्पिटेंस फॉर सिकल सेल डिजीज की महत्वपूर्ण उपलब्धियों की जानकारी दी गई। बताया गया कि केंद्र द्वारा अब तक 32 हजार नवजात शिशुओं की स्क्रीनिंग की गई है, जिसमें 621 पॉजिटिव मामलों की समय पर पहचान कर आवश्यक चिकित्सा प्रबंधन सुनिश्चित किया गया। इसके अलावा 8 हजार 500 गर्भवती महिलाओं की जांच में 500 वाहकों की पहचान की गई है।

बीमारी के प्रभावी प्रबंधन एवं उपचार के लिए अब तक 1 हजार 107 स्वास्थ्य कर्मियों को विशेष तकनीकी प्रशिक्षण प्रदान किया जा चुका है। कार्यक्रम में विशेषज्ञों ने सिकल सेल रोग की समय पर पहचान, उपचार और जागरूकता के महत्व पर प्रकाश डाला।

डॉ. राहुल जैन ने कहा कि संस्थान प्रत्येक मरीज को बिना किसी भेदभाव के निःशुल्क एवं कैशलेस आधुनिक उपचार उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि सिकल सेल एनीमिया उन्मूलन मिशन-2047 के लक्ष्यों को समय से पहले प्राप्त करने के लिए सभी स्तरों पर समन्वित प्रयास किए जा रहे हैं।

डॉ. आर.एल. सुमन ने बताया कि चिकित्सालय में सिकल सेल रोगियों के लिए ओपीडी, आईपीडी, अत्याधुनिक जांच एवं विशेषज्ञ परामर्श की समस्त सुविधाएं एक ही छत के नीचे उपलब्ध कराई जा रही हैं। कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित सेमिनार में मरीजों एवं उनके परिजनों को रोग के प्रबंधन, बचाव और नियमित उपचार के प्रति जागरूक किया गया।

## राज उन्नति बैठक में मुख्यमंत्री का सख्त संदेश: जनसुविधाओं के कार्यों में देरी बर्दाश्त नहीं, जिम्मेदार अधिकारियों पर होगी कार्रवाई

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com



जयपुर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने जनसुविधाओं एवं विकास कार्यों में किसी भी प्रकार की प्रशासनिक देरी पर सख्त नाराजगी जताते हुए अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि योजनाओं और परियोजनाओं के क्रियान्वयन में अनावश्यक विलंब किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि आमजन को सरकारी योजनाओं और विकास कार्यों का लाभ समय पर मिलना चाहिए, अन्यथा जिम्मेदार अधिकारियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

मुख्यमंत्री ने शुक्रवार को मुख्यमंत्री कार्यालय में आयोजित राज उन्नति की छठी बैठक में विभिन्न विभागों की योजनाओं और परियोजनाओं की समीक्षा करते हुए कहा कि पानी, बिजली, चिकित्सा, सड़क तथा अन्य जनसुविधाओं से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा किया जाए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि परियोजनाओं की स्वीकृति, भूमि अधिग्रहण, निविदा प्रक्रिया तथा कायार्देश जारी करने जैसी प्रक्रियाओं को सरल और त्वरित बनाया जाए, ताकि विकास कार्यों में लगने वाला समय कम हो सके। बैठक में श्रीगंगानगर जिले में एक ही भूमि के दो पट्टे जारी किए जाने तथा जनसुविधा हेतु आरक्षित भूमि पर व्यावसायिक पट्टे जारी करने के मामले को गंभीरता से लेते हुए मुख्यमंत्री ने यूआईटी सचिव सहित आधा दर्जन से अधिक कार्मिकों को निलंबित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आमजन की शिकायतों का समयबद्ध समाधान राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। मुख्यमंत्री ने मानसून को देखते हुए सभी जिला कलेक्टरों को आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बरसात से पहले नालों की सफाई, सड़कों की मरम्मत और मौसमी बीमारियों से बचाव के इंतजाम पूरे कर लिए जाएं। साथ ही सरकारी अस्पतालों में दवाइयों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए समिति गठित करने के निर्देश भी दिए।

बैठक में खाटूश्यामजी क्षेत्र के विकास कार्यों की समीक्षा करते हुए मुख्यमंत्री ने पर्यटन विभाग और संबंधित एजेंसियों को मंदिर क्षेत्र को भव्य स्वरूप प्रदान करने के निर्देश दिए। उन्होंने इंटरप्रिटेशन सेंटर, डिजिटल संग्रहालय, कथा पांडाल, ओपन एयर थिएटर, लाइट एंड साउंड शो, मेला ग्राउंड, प्रतीक्षा हॉल, कैफेटेरिया, फूड कोर्ट, पार्किंग और मुख्य प्रवेश द्वार सहित सभी विकास कार्यों को गुणवत्ता के साथ समय पर पूरा करने को कहा।

मुख्यमंत्री ने प्रदेश के शहरों और कस्बों में डंपिंग साइटों पर वर्षों से जमा कचरे के निस्तारण कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पुराने कचरे के ढेर हटने से आमजन को राहत मिलेगी और प्रसंस्करण संयंत्रों की कार्ययोजना को भी गति मिलेगी।

बैठक में जयपुर के लालकोठी क्षेत्र में प्रस्तावित कर्मयोगी भवन परियोजना की समीक्षा करते हुए मुख्यमंत्री ने इसके निर्माण कार्य शीघ्र शुरू करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि भवन बनने से विभिन्न आयुक्तालयों और आयोगों के कार्मिकों को बेहतर कार्यस्थल उपलब्ध होगा।

मुख्यमंत्री ने बारां जिले की अंधेरी मध्यम सिंचाई परियोजना में हो रही देरी पर नाराजगी जताते हुए परियोजना के कायार्देश शीघ्र जारी कर निर्माण कार्य प्रारंभ करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि परियोजना पूरी होने से क्षेत्र के किसानों को सिंचाई के लिए पर्याप्त पानी उपलब्ध हो सकेगा। प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महाअभियान (पीएम-जनमन) की समीक्षा के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि इस अभियान से सहरिया जनजाति के लोगों को बड़ा लाभ मिल रहा है। उन्होंने छात्रावास निर्माण, पेयजल आपूर्ति तथा अन्य बुनियादी सुविधाओं से जुड़े कार्यों को शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने मिशन हरियालो राजस्थान के तहत आगामी वर्षा ऋतु में 10 करोड़ पौधारोपण का लक्ष्य हासिल करने के लिए सभी विभागों को समन्वय के साथ कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण और जैव विविधता को बढ़ावा देना राज्य सरकार की प्राथमिकता है।

बैठक में 765 केवी ट्रांसमिशन लाइन परियोजनाओं, ऋषभदेव उपकेंद्र के लिए भूमि अधिग्रहण, भरतपुर में नए बस स्टैंड के निर्माण तथा अन्य महत्वपूर्ण परियोजनाओं की भी समीक्षा की गई।

# Kalki 2 में आलिया भट्ट की एंट्री !

## क्या दीपिका को रिप्लेस करके बनेंगी कल्कि की मां?



### 'सुमति' के किरदार में साई पल्लवी

शुरुआती खबरों से यह अटकलें लगाई जा रही थीं कि आलिया, दीपिका के किरदार 'सुमति' की जगह लेंगी, जो कल्कि की मां है। हालांकि, ताजा चर्चाओं से कुछ और ही हिंट मिल रहे हैं। खबरों के मुताबिक, आलिया भट्ट को इस फिल्म में एक अलग लेकिन अहम भूमिका के लिए चुना गया है, जबकि दीपिका के हटने के बाद सुमति का किरदार निभाने की दौड़ में साई पल्लवी सबसे आगे बताई जा रही हैं।



### 'कल्कि 2' की रिलीज !

हालिया खबरों से पता चलता है कि टीम फ़िल्मिंग के अगले फेज को शुरू करने की तैयारी कर रही है और उम्मीद है कि बाकी शेड्यूल जल्द ही पूरे हो जाएंगे। कई खबरों में कहा गया है कि फिल्म को दिसंबर 2027 में सिनेमाघरों में रिलीज करने की प्लानिंग है और इसकी शूटिंग अगले साल अप्रैल तक पूरी होने की संभावना है। हालांकि, मेकर्स ने अभी तक रिलीज की तारीख के बारे में कोई जानकारी नहीं दी है।

**नाग अश्विन की फिल्म 'कल्कि 2' की शूटिंग जोर-शोर से चल रही है। फिल्म के खास हिस्से के लिए आलिया भट्ट भी इसकी शूटिंग कर रही है। आलिया की एंट्री तो फिल्म में हुई है लेकिन क्या उन्होंने दीपिका को रिप्लेस किया है। नाग अश्विन की फिल्म 'कल्कि 2' साल 2024 की सबसे बड़ी ब्लॉकबस्टर फिल्मों में से एक रही है। इस साइंस-फिक्शन फिल्म में अमिताभ बच्चन, कमल हासन, प्रभास और दीपिका पादुकोण ने अहम रोल्स किए थे।**

अब जब मेकर्स इस फ्रेंचाइजी के अगले चैप्टर की तैयारी कर रहे हैं, तो फिल्म एक बार फिर चर्चा में है। चर्चा की वजह है नई कास्टिंग की खबरें, खासकर दीपिका के सीक्वल से बाहर होने के बाद। ऐसी अटकलें हैं कि आलिया भट्ट 'कल्कि' यूनिवर्स का हिस्सा बन गई हैं। अगर ऐसा होता है, तो यह इस बड़े प्रोजेक्ट में प्रभास और डायरेक्टर नाग अश्विन के साथ उनका पहला कोलेबोरेशन होगा। 'आकाशवाणी' और 'तेलुगू चित्रालु' की खबरों के मुताबिक, आलिया भट्ट - जो अभी अपनी आने वाली फिल्म 'अल्फा' के प्रमोशन में बिजी हैं - प्रभास की 'कल्कि 2' से जुड़ गई हैं। हालांकि मेकर्स ने अभी तक कोई ऑफिशियल अनाउंसमेंट नहीं किया है, लेकिन रिपोर्ट्स बताती हैं कि आलिया इस प्रोजेक्ट का हिस्सा बन चुकी हैं और माना जा रहा है कि वह फिल्म के दूसरे शूटिंग शेड्यूल के दौरान कास्ट में शामिल हुई थीं। खबरों के अनुसार, उन्होंने पिछले महीने हैदराबाद में लगभग पांच दिनों तक शूटिंग की थी।



## काजल अग्रवाल ने अपनी दमदार पोस्ट से छेड़ी अहम बहस

देशभर में फूड एडल्टरेशन यानी खाद्य मिलावट को लेकर बढ़ती चिंताओं के बीच फ़िल्म 'द इंडिया स्टोरी' की अभिनेत्री काजल अग्रवाल ने एक बार फिर इस गंभीर मुद्दे की ओर सभी का ध्यान खींचा है। हाल ही में अपनी सोशल मीडिया स्टोरी के जरिए उन्होंने भारतीय आमों के निर्यात पर कीटनाशक अवशेष और क्वारंटीन संबंधी चिंताओं को लेकर सामने आई रिपोर्ट्स साझा की है। इस मुद्दे को उन्होंने अपनी आगामी फिल्म 'द इंडिया स्टोरी' से जोड़ते हुए लिखा है, 'दुर्भाग्य से यह भारत की कहानी है, ये 'द इंडिया स्टोरी' है।' फिलहाल इस पोस्ट के बाद सोशल मीडिया पर चर्चा तेज हो गई है, क्योंकि फिल्म की कहानी भी खाद्य मिलावट जैसे गंभीर विषय और उसके सार्वजनिक स्वास्थ्य पर पड़ने वाले खतरनाक प्रभावों के इर्द-गिर्द घूमती है।

### अपूर्वा मखीजा ने कॉम्प्रोमाइज को लेकर ये क्या कह दिया?

# 'दुबई का शेख 15 करोड़ देगा तो सोने को तैयार हूं...



**सोशल** मीडिया इंफ्लुएंसर और एक्ट्रेस अपूर्वा मखीजा अपने बेबाक बयानों को लेकर हमेशा ही चर्चा में बनी रहती हैं. कई बार तो अपूर्वा ने ऐसे बयान दिए हैं, जिसको लेकर वो विवादों में भी फंसी है. अब उनका एक पुराना बयान वायरल हो रहा है, जिसकी वजह से उन्हें ट्रोलिंग का सामना करना पड़ रहा है. सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर रेबल किड उर्फ अपूर्वा मखीजा का विवादों से गहरा नाता रहा है. उनके बयान और बेबाक अंदाज अक्सर विवाद पैदा करते हैं. अभी हाल ही में जहां 370 बिरयानी विवाद थमा ही है. इस बीच अपूर्वा का एक पुराना वीडियो वायरल हो गया है. सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर रेबल किड उर्फ अपूर्वा मखीजा का विवादों से गहरा नाता रहा है. उनके बयान और बेबाक अंदाज अक्सर विवाद पैदा करते हैं. अभी हाल ही में जहां 370 बिरयानी विवाद थमा ही है. इस बीच अपूर्वा का एक पुराना वीडियो वायरल हो गया है. इस वीडियो में अपूर्वा ने जो बात कही है उसने सोशल मीडिया पर एक नई बहस छेड़ दी है. अपूर्वा को भी काफी ट्रोलिंग का सामना करना पड़ रहा है. दरअसल, अपूर्वा ने इंडस्ट्री में कॉम्प्रोमाइज को लेकर ऐसी बात कह दी है. जिसे सुन हर कोई हैरान रह गया है. इस वीडियो में अपूर्वा ने जो बात कही है उसने सोशल मीडिया पर एक नई बहस छेड़ दी है. अपूर्वा को भी काफी ट्रोलिंग का सामना करना पड़ रहा है. दरअसल, अपूर्वा ने इंडस्ट्री में कॉम्प्रोमाइज को लेकर ऐसी बात कह दी है. जिसे सुन हर कोई हैरान रह गया है. अपूर्वा वीडियो में कहती हैं कि 'मैं दो रुपये के रोल के लिए किसी के साथ नहीं सोऊंगी. मुझे माफ करें. अगर कोई दुबई का शेख 10-15 करोड़ रुपये फेंककर मारेगा तो शायद सोच सकती हूं, लेकिन किसी रोल के लिए नहीं.' अपूर्वा के इस बयान के बाद सोशल मीडिया पर भी लोग अपने-अपने रिएक्शन दे रहे हैं और उनकी आचोलना कर रहे हैं. बता दें कि इससे पहले अपूर्वा का कलावा काटते हुए एक वीडियो वायरल हुआ था, जिसे लेकर भी उन्हें काफी ट्रोलिंग का सामना करना पड़ा था. इस वीडियो में अपूर्वा अपने हाथ का कलावा काटती हुई नजर आई थीं. जिसमें वो कहती हैं कि -मेरे पंडित जी ने बोला था ये वाला धागा मत काटना. लेकिन अगर मेरे और एस्थेटिक पिक्चर के बीच कोई आ सकता है तो वो सिर्फ मैं हूं. इस वीडियो में अपूर्वा अपने हाथ का कलावा काटती हुई नजर आई थीं. जिसमें वो कहती हैं कि -मेरे पंडित जी ने बोला था ये वाला धागा मत काटना. लेकिन अगर मेरे और एस्थेटिक पिक्चर के बीच कोई आ सकता है तो वो सिर्फ मैं हूं.



## ओरी बने करोड़ों का ब्रांड

ओरी के बारे में हर कोई जानना चाहता है कि उनकी कमाई का जरिया क्या है और वह कहां-कहां से कितनी कमाई करते हैं। ओरी ने आज खुद को करोड़ों का ब्रांड बना लिया है। उन्होंने बताया कि एक रील से 76 लाख रुपये की कमाई की है। साथ ही बताया कि पार्टियों से लेकर शादियों तक के लिए वह कितना चार्ज करते हैं। 'बिग बॉस 17' और 'खतरों के खिलाड़ी 15' में नजर आए सोशल मीडिया इनफ्लुएंसर ओरी अकसर ही इस बात को लेकर चर्चा में रहे हैं कि उनकी कमाई का जरिया क्या है, वह कहां से कमाते हैं और उनका गुजारा कैसे चलता है। सोशल मीडिया से लेकर पेज-3 पार्टीज और लगभग कई हाई प्रोफाइल पार्टियों का हिस्सा रहे ओरी ने अब खुद बताया है कि वह कहां-कहां से कमाई करते हैं और पिछले महीने कितना पैसा कमाया। ओरी ने दावा किया है कि उन्होंने पिछले साल एक रील से 76 लाख रुपये कमाए थे। इससे यूजर्स भी हैरान रह गए हैं। बीते कुछ सालों में ओरी ने खुद को एक ब्रांड बना लिया है, एक ऐसा ब्रांड जिससे वह हर महीने करोड़ों की कमाई रहे हैं। हर सेलिब्रिटी की पार्टी से लेकर वेकेशन तक पर ओरी नजर आते हैं। इंस्टाग्राम पर शायद ही कोई ऐसा यूजर होगा, जिसकी फीड पर ओरी नजर नहीं आते होंगे। अब जब ओरी ने एक रील से 76 लाख रुपये कमाए हैं, तो अंदाजा लगा लीजिए कि महीने भर में ऐसी कई रील्स से वह न जाने कितनी कमाई करते होंगे।

**1 रील से ?76 लाख की कमाई, बताया पार्टी, शादी और लंच की कितनी लेते हैं फीस**



## 'पत्नी ने साथ सोने से मना कर दिया' : अक्षय ओबेरॉय


कभी-कभी एक्टर्स ऐसा रोल अदा कर देते हैं, जिसे देखकर उनके घरवाले भी सकपका जाते हैं। कुछ ऐसा ही हुआ था, विवेक ओबेरॉय के कजिन ब्रदर और एक्टर अक्षय ओबेरॉय के साथ भी। अक्षय ने 2020 में क्राइम ड्रामा सीरीज में ऐसा रोल अदा किया था, जिससे किसी को भी नफरत हो जाए। उनका किरदार देखकर पत्नी तो इतना ज्यादा घबरा गई थीं कि उन्होंने अभिनेता ने साथ कई हफ्तों तक एक बैड पर सोने से भी इनकार कर दिया था। अक्षय ओबेरॉय की जिस सीरीज को देखकर पत्नी बुरी तरह से डरी थीं, उसका टाइटल 'फ्लैश' था, जो साल 2020 में रिलीज हुई थी। 8 एपिसोड की इस सीरीज की कहानी सिद्धार्थ आनंद ने लिखी थी, जिन्होंने इसे प्रोड्यूस भी किया था।

अक्षय जो जल्द ही शाह रुख खान की 'किंग' में नजर आएंगे, उन्होंने सिद्धार्थ आनंद को अपना एंजल बताते हुए मिनी सीरीज 'फ्लैश' का किस्सा बताया, जिसमें वह एक खूंखार आदमी बने थे। बातचीत करते हुए जैसे ही यह कहा कि क्राइम ड्रामा शो 'फ्लैश' देखना उस समय पर बहुत मुश्किल था, तो तुरंत जवाब में अक्षय बोले, 'हां...इसके लिए मैं आपको बिल्कुल भी दोष नहीं दूंगा।

### क्या है 'फ्लैश' की कहानी?

फ्लैश की कहानी मानव तस्करी के काले कारोबार के इर्द-गिर्द घूम्तो है, जिसमें जोया नाम की एक लड़की को किडनैप कर लिया जाता है। मुंबई से गायब हुई बेटी की गुमशुदगी की रिपोर्ट जोया के माता-पिता पुलिस स्टेशन में लिखवाते हैं।

इस केस को संभालने की जिम्मेदारी एसीपी राधा नौटियाल के कंधों पर आती है, जैसे-जैसे राधा जोया की तलाश में आगे बढ़ती है, वैसे-वैसे उसे यह समझ आता है कि यह सिर्फ फिरौती के बारे में नहीं है, बालकु जोया को एक बड़े इंटरनेशनल सेक्स रैकेट के जाल में धकेला गया है। इस वेब सीरीज में अक्षय ओबेरॉय ने मानव तस्करी धंधे और गैंग के मास्टरमाइंड तजेंद्र सिंह 'उर्फ' खूंखार 'ताजि' का किरदार अदा किया है, जो बहुत ही क्रूर और साइकोपैथ है।



## अभिनेत्री एलनाज नोरौजी ने गाने 'हुआ' से किया सिंगिंग डेब्यू

**अभिनेत्री** एलनाज नोरौजी ने अपने करियर का एक नया अध्याय शुरू किया है। उन्होंने गाने 'हुआ' के जरिए हिंदी संगीत की दुनिया में कदम रखा है। इस गाने में उन्होंने मशहूर सिंगर जुबिन नौटियाल के साथ काम किया है। इस बीच, उन्होंने इस नए सफर को लेकर बात की है और जुबिन के साथ काम करने के अनुभव के बारे में खुलकर बताया। एलनाज नोरौजी ने कहा, ''संगीत हमेशा से मेरे दिल के बहुत करीब रहा है, लेकिन अब जाकर मुझे इसे पेशेवर रूप से अपनाने का मौका मिला है। जुबिन नौटियाल जैसे अनुभवी और लोकप्रिय गायक के साथ अपने पहले हिंदी गाने की शुरुआत करना मेरे लिए बेहद खास अनुभव है। जब किसी कलाकार का पहला कदम ही इतने बड़े और सम्मानित संगीतकार के साथ जुड़ता है, तो वह अनुभव यादगार बन जाता है। यह मेरे लिए नई रचनात्मक यात्रा की शुरुआत है।'' गाने 'हुआ' के बारे में बात करते हुए एलनाज ने इसे अपने करियर का एक अहम मोड़ बताया। उन्होंने कहा, 'जीवन में कुछ ऐसे पल आते हैं, जो हमेशा याद रह जाते हैं और यह गाना उन्हीं में से एक है। यह सिर्फ एक म्यूजिक प्रोजेक्ट नहीं है, बल्कि मेरे दिल के बहुत करीब एक सपना है, जिसे मैंने लंबे समय तक संजोकर रखा था।

### दीया मिर्जा ने क्लाइमेट चेंज के लिए

# पुरुषों को ठहराया जिम्मेदार


एक्टर और यूनाइटेड नेशंस एनवायरनमेंट प्रोग्राम की गुडविल एंबेसडर दीया मिर्जा, पितृसत्तात्मक सत्ता के ढांचे को ग्लोबल क्लाइमेच के नुकसान से जोड़ने वाले अपने विवादित कमेंट के कारण ऑनलाइन ट्रोलिंग में फंस गई हैं।

सोहा अली खान के पॉडकास्ट 'ऑल अबाउट हर' में जर्नलिस्ट आरती कुमार के साथ दीया मिर्जा ने शिरकत की। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि पुरुष और पितृसत्तात्मक सोच ही जलवायु परिवर्तन का कारण है। जहां दीया मिर्जा ने ये बात यूं ही बोली होगी, वहीं अब ट्विटर और Reddit जैसे प्लेटफॉर्म पर आलोचकों की एक बड़ी लहर ने एक्ट्रेस की कड़ी आलोचना की है और उनके एलीट सेलिब्रिटी लाइफस्टाइल के पाखंड पर भी सवाल उठाए हैं। दीया ने कहा कि इंसान जिस तरह से प्रकृति का शोषण करते हैं, वह ऐसी सोच से आता है जिसमें दबदबा बनाने और आक्रामक विकास को अहमियत दी जाती है।

कुमार-राव ने आगे कहा कि पितृसत्ता सिर्फ पुरुषों के बारे में नहीं है और नारीवाद सिर्फ महिलाओं के बारे में नहीं है।

### ● दीया मिर्जा को क्लाइमेट पर ज्ञान पड़ा भारी

सोहा अली खान के पॉडकास्ट पर, दीया मिर्जा ने क्लाइमेट चेंज, पर्यावरण के नुकसान और इंसानों का कुदरत से जुड़ाव जैसे विषयों पर बातचीत की। अपनी बात साफ करते हुए दीया मिर्जा ने कहा, 'पितृसत्ता ही क्लाइमेट चेंज की वजह है। इस दुनिया में पुरुषों ने ही...'सोहा ने बीच में टोकते हुए कहा, 'आपने पुरुष अहंकार की बात की थी। हां, पुरुषों ने ही क्लाइमेट चेंज को बढ़ावा दिया है और आज हमारी दुनिया में जो उथल-पुथल मची है और लोग हर जगह जो मुसीबतें झेल रहे हैं,



स्वत्वाधिकारी, संस्थापक, प्रकाशक एवं प्रधान सम्पादक : **पवन मॉगीलाल जैन उर्फ पवन जैन पदमावत, प्रधान कार्यालय** : गणेश नगर, कांदिवली वेस्ट, मुम्बई, महाराष्ट्र, भारत - 400067 से अमुद्रित ऑनलाईन प्रकाशित। **मो. नं.** : +91-95945-42679
e-mail :- padmavatmedia@gmail.com / Web : padmavatmedia.in (नोट : पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी)। सभी विवादों का न्याय क्षेत्र मुम्बई, महाराष्ट्र होगा। उक्त ई-पेपर को अवैध रूप से छपवाना कानूनी अपराध हैं।